IQAC कार्यवृत्त

वर्ष 2017–18

IQAC समिति की बैठक दिनांक 09.08.2017 को आहूत की गई जिसमें विगत वर्ष बनायी गयी कार्ययोजना की समीक्षात्मक विवेचना की गई एवं वर्तमान सत्र हेतु नवीन रणनीति बनाते हुए निम्न कार्ययोजना को कार्यान्वित करने का निर्णय लिया गया–

1. वर्तमान सत्र में NAAC असेसमेंट प्रक्रिया के अन्तर्गत निर्धारित समय सीमा में IIQA एवं SSR सबमिट किया जाएगा।
2. विगत वर्षों से इतर पुस्तकालय व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए विभागीय पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी।
3. शिक्षणेत्तर कार्यक्रमों के अन्तर्गत युवा महोत्सव का आयोजन नए कलेवर में होगा जिसके अन्तर्गत रंगोली, मेंहदी, एकल अभिनय आदि कार्यक्रम समाहित रहेंगें।
4. वार्षिक क्रीड़ा समारोह की पूर्व व्यवस्था को संशोधित करते हुए इनडोर व आउटडोर क्रीड़ाएं आयोजित की जाएंगी।
5. ई–लाइब्रेरी को और अधिक समृद्ध किया जाएगा।
6. ऊर्जा बचत के अन्तर्गत LED बल्ब लगाए जाएंगें।
7. पर्यावरण संरक्षण हेतु कुछ छात्र/छात्राओं को परिसर में लगे हुए वृक्षों के देखभाल की जिम्मेदारी दी जाएगी।
8. महाविद्यालय को पालिथीन मुक्त घोषित किया जाएगा।
9. महिला सुरक्षा के दृष्टिगत विगत वर्ष स्थापित गर्ल्स कामन रूम के बाहर सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाया जाएगा।
10. महाविद्यालय के कुछ असिस्टेंट प्रोफेसर का API का प्रदर्शन अत्यन्त निराशाजनक है। अतः उन्हें राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर सेमिनार में प्रतिभाग सुनिश्चित करने, UGC के नोटिफाइड जर्नल में शोध पत्र प्रकाशित करने तथा पुस्तकों में लेख प्रकाशित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

Scanned with CamScanner

IQAC तृतीय मीटिंग कार्यवृत्त

वर्ष 2017-18

आज दिनांक 19.02.2018 को IQAC समिति की बैठक आहुत की गयी जिसमें सत्र के अवशेष समय हेतु निम्न कार्ययोजना बना कर उसे कार्यान्वित करने का निर्णय लिया गया-

1- SSR सबमिट करने के पश्चात NAAC पीयर टीम के संभावित दौरे के दृष्टिगत समस्त वित्तीय, प्रशासकीय गतिविधियों का रिकार्ड पुनः अद्यतन किया जाए।

2- NAAC पीयर टीम के संभावित दौरे के दृष्टिगत महाविद्यालय की रंगाई-पुताई , पर्दे एवं साज- सज्जा हेतु बजट की व्यवस्था का उसका सम्पूर्ण उपभोग सुनिश्चित किया जाए ।

Scanned with CamScanner

IQAC द्वितीय मीटिंग कार्यवृत्त

वर्ष 2017-18

आज दिनांक 18.12.2017 को IQAC समिति की बैठक आहुत की गयी जिसमें वर्तमान सत्र के अवशेष समय हेतु निम्न कार्ययोजना बनाई गई जिसे कार्यान्वित करने का निर्णय लिया गया-

1- विभागीय पुस्तकालय के द्वारा निर्गत पुस्तकों की समीक्षा की जाएगी।

2- इनडोर एवं आउटडोर क्रीडा प्रतियोगिताओं में पहली बार प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया जाएगा।

3- ई-लाइब्रेरी को अधिक समृद्ध किया जाए एवं विभिन्न राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय जर्नलस की सदस्यता ली जाए।

4- API मानदंडों के दृष्टिगत समस्त प्राध्यापक न्यूनतम 02 राष्ट्रीय /अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभाग, UGC द्वारा मान्यता प्राप्त जर्नल्स में शोध पत्र प्रकाशित करने का कार्य करें।

5- छात्राओं की सुरक्षा हेतु विशेष ध्यान दिया जाएगा।

Scanned with CamScanner